पाक्षिक



खबर आस पास
RNI REGISTERED

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शनिवार 31 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

सर्द हवा से ठिठुरा राजस्थान

अर्नब तूफान के कारण बारिश-ओले गिरे:जयपुर सहित कई जिलों में सुबह से बरसात, अचानक 5 डिग्री तक लुढ़का पारा



जयपुर कासं। राजस्थान में भी अर्नब चक्रवात के असर हवा के साथ बारिश का दौर जारी है। आज भी 28 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जयपुर में गुरुवार दोपहर से रुक-रुककर बारिश हो रही है।हवा सर्द होने के कारण राजधानी में ठंडक बढ़ गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान करौली, भरतपुर, धौलपुर, अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, नागौर, टोंक में भी बरसात हुई। जयपुर में कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। बरसात के कारण प्रदेश के 20 जिलों में दिन के तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट हुई है। वहीं, न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक गिर गया है।

धौलपुर में भी रुक-रुककर हो रही है बारिश

धौलपुर जिले में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर शुक्रवार को दूसरे दिन भी दिखा। सुबह से बादल छाए रहे और अलग-अलग इलाकों में रुक-रुककर बारिश हुई। गुरुवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। तापमान में गिरावट से मौसम ठंडा हो गया।

जयपुर में ठिठुरन, रुक-रुककर हो रही है बारिश

जयपुर में सुबह करीब 5.15 बजे वाटिका, सीतारामपुरा, रिंग रोड के आसपास बूंदाबांदी हुई। तेज हवा चलने से सर्दी का असर बढ़ा है। गुरुवार से शुरू हुआ बारिश का दौर शुक्रवार दोपहर तक भी रुक-रुककर जारी है।

करौली के हिंडौन में हल्की बारिश, हवा भी ठंडी

करौली जिले के हिंडौन सिटी में शुक्रवार सुबह से बूंदाबांदी हो रही है। करीब 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवा चल रही हैं। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि एक सप्ताह पहले तक तापमान 35 से 36 डिग्री के आसपास था। एक सप्ताह में तापमान में करीब 9 से 10 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनर्स का डीए-डीआर 3% बढ़ाया

अब 63% हुआ, दिवाली पर 6 लाख कर्मचारियों को मिलेगा बोनस

जयपुर कासं। केंद्र के बाद अब राजस्थान सरकार ने भी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (DA) और पेंशनर्स का महंगाई राहत (डीआर) तीन फीसदी बढ़ा दिया है। सीएम भजनलाल शर्मा की मंजूरी के बाद शुक्रवार को डीए बढ़ाने के आदेश हो गए हैं। इसके साथ ही दिवाली पर 6 लाख कर्मचारियों को 7 हजार तक बोनस देने का भी आदेश जारी हो गए।

राजस्थान में करीब 7 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और 5 लाख से ज्यादा पेंशनर्स हैं। राज्य कर्मचारियों के साथ ही पंचायत समिति और जिला परिषद के कर्मचारियों का डीए बढ़ाया है। इससे सरकार पर करीब 820 करोड़ का आर्थिक भार आएगा।

अब तक राजस्थान में कर्मचारियों को 60 फीसदी डीए और पेंशनर्स को 60 फीसदी महंगाई राहत (डीआर) मिल रहा था। अब बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों को 63 फीसदी डीए और पेंशनर्स को 63 फीसदी डीआर मिलेगा।

अप्रैल में दो फीसदी बढ़ा था डीए

राज्य सरकार ने इसी साल अप्रैल में कर्मचारियों और पेंशनर्स का डीए दो फीसदी बढ़ाया था। अप्रैल में डीए 58% से बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया था।

राजस्थान में पिछले लंबे समय से केंद्र की घोषणा के बाद कुछ समय बाद ही राज्य सरकार भी डीए बढ़ाती रही है। अप्रैल में केंद्र सरकार के डीए बढ़ाने की घोषणा के पांचवें दिन राजस्थान सरकार ने भी DA बढ़ा दिया था।

500 से लेकर 4500 रुपए तक होगा फायदा

डीए में तीन फीसदी की बढ़ोतरी से सरकारी कर्मचारियों और अफसरों को वेतनमान के हिसाब से अलग-अलग फायदा होगा।

एल-1 से लेकर एल-24 तक वेतनमान के हिसाब से अलग-अलग राशि बनती है। डीए बढ़ने से 500 से लेकर 4500 रुपए तक प्रति माह वेतन में बढ़ोतरी होगी।

बढ़ा हुआ डीए जुलाई से लागू होगा

डीए बढ़ाने से चालू वित्त वर्ष में 820 करोड़ का अतिरिक्त भार पड़ेगा। बढ़ा हुआ डीए जुलाई से लागू होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-100% एथेनॉल ईंधन की सप्लाई कैसे होगी, केंद्र बोला...

बड़े पैमाने पर बदलाव करना होगा; 4 दिन पहले ही सरकार ने मंजूरी दी



नई दिल्ली एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से पूछा कि 100% एथेनॉल वाले ईंधन की सप्लाई कैसे होगी। कोर्ट एथेनॉल सप्लाई ईयर 2025-26 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। बेंच ने हाल की मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए यह सवाल पूछा।

26 अक्टूबर को सड़क परिवहन मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 में बदलाव का नोटिफिकेशन जारी किया था। इससे ई-100 यानी लगभग शुद्ध एथेनॉल पर चलने वाली फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियों को मंजूरी मिली।

27 अक्टूबर को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि पेट्रोल में एथेनॉल 20% से ज्यादा बढ़ाने की केंद्र की कोई तत्काल योजना नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने कहा, 'हमने कुछ अखबारों में पढ़ा कि 100% एथेनॉल से चलने वाली गाड़ियों को मंजूरी दी गई है।'

बेंच ने पूछा, 'सैद्धांतिक तौर पर हम जानना चाहते हैं कि अगर 100% एथेनॉल वाली गाड़ियों की अनुमति दी गई है तो इसकी सप्लाई कैसे की जाएगी?'

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कोर्ट के सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'इसके लिए मैन्युफैक्चरिंग व्यवस्था में बड़े पैमाने पर बदलाव करना होगा।' बेंच ने मामले की अगली सुनवाई अगले महीने तय की है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट की 3 बड़ी बातें...

1. बेंच ने देश के किसानों को सशक्त बनाने की जरूरत पर जोर दिया। कोर्ट ने कहा कि बड़े सार्वजनिक हित और पर्यावरण के नजरिए से भी इस मुद्दे पर विचार होना चाहिए।
2. देश की बड़ी आबादी किसानों के नजरिए से सबसे महत्वपूर्ण है। हमें किसानों को सशक्त बनाने का तरीका देखना होगा। इस पहलू को कोई उजागर नहीं कर रहा।'
3. कोर्ट ने कहा- हमें उस आम आदमी को सशक्त बनाना है, जो अब भी गांवों में रहता है।'

मामले में एक वकील ने कहा कि एथेनॉल को बढ़ावा देने से किसानों को किसी न किसी रूप में मदद मिलेगी। एक अन्य वकील ने कहा कि इनमें से कुछ मुद्दों को केंद्र सरकार की नीति में शामिल किया गया है। केंद्र सरकार की नीति में किसानों के हित का पहलू भी शामिल है।

जोशीमठ-बद्रीनाथ के बीच हेलिकॉप्टर क्रैश

6 लोग सवार थे, पहाड़ पर खड़े लोगों ने हेलिकॉप्टर गिरने का वीडियो बनाया



नई दिल्ली एजेन्सी। जोशीमठ और बद्रीनाथ के बीच शुक्रवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत 6 लोग सवार थे। हेलिकॉप्टर ने दोपहर करीब 1:14 बजे बद्रीनाथ से देहरादून के सहस्त्रधारा के लिए उड़ान भरी थी। जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर का संपर्क टूट गया। इसके बाद ट्रैकिंग सिस्टम पर भी उसकी लोकेशन मिलनी बंद हो गई। सेना और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ के पास हेलिकॉप्टर क्रैश होने की पुष्टि की है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें मौके के लिए रवाना हो गई हैं।

पहाड़ी पर चढ़ रही रेस्क्यू टीम

SDRF की टीम राहत और बचाव कार्य के लिए पहाड़ी पर चढ़ रही है। डीएसपी मदन सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं, आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी के मुताबिक, जेपी डैम के ऊपर जंगल में सफेद रंग की किसी चीज में आग लगने की सूचना मिली है। इसकी जांच के लिए दूसरे हेलिकॉप्टर भेजे गए हैं।

कंपनी के पूरे बेड़े की उड़ानों पर रोक


यह हेलिकॉप्टर ट्रांस भारत एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का था। इसमें पायलट कैप्टन हिमांशु के अलावा 5 यात्री सवार थे। इनमें प्रताप, अरुण, शंकर गौड़ा, सुधीर के. और एचएस नटराज शामिल हैं। हादसे के बाद एहतियात के तौर पर ट्रांस भारत एविएशन के सभी हेलिकॉप्टरों की उड़ानें रोक दी गई हैं।

उत्तराखंड में 5 साल में 7 हेलिकॉप्टर क्रैश, 21 मौतें

केंद्र सरकार के मुताबिक, उत्तराखंड में 2020 से जुलाई 2025 तक 7 हेलिकॉप्टर क्रैश हुए थे। इनमें 21 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, 2023 से 2025 के बीच 6 हेलिकॉप्टर हादसे हुए। राज्य में अब तक कितने हेलिकॉप्टर लापता हुए, इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है।

भूटान में ग्लेशियर झील फटी, हाईवे-सड़कें उखड़ीं

पानी भारत पहुंचने का खतरा, बंगाल-असम में बाढ़ का अलर्ट, 10 हजार लोग शिफ्ट



नई दिल्ली एजेन्सी। भूटान में गुरुवार देर रात शिंताफू ग्लेशियर झील फटने से भारी तबाही हुई। पानी के तेज बहाव में यहां का मशहूर गर्म पानी का कुंड 'गासा त्साचु' पूरी तरह बह गया। पुनाखा-गासा हाईवे का एक हिस्सा भी टूट गया, जिससे वहां ट्रैफिक बंद करना पड़ा। हालांकि, अब तक किसी की मौत की खबर नहीं है।

झील से निकले पानी के कारण संकोश नदी का जलस्तर बढ़ गया है। यह नदी भूटान से निकलकर असम और पश्चिम बंगाल की सीमा वाले इलाकों से गुजरती है और आगे ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। इसे देखते हुए दोनों राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है।

पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में प्रशासन ने 10 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया है। रातभर सायरन बजाकर लोगों को सतर्क किया गया और जल्द से जल्द घर छोड़ने को कहा गया। NDRF, SDRF और आपदा प्रबंधन की टीमें भी तैनात की गई हैं।

शिंताफू झील के पानी के भारत तक पहुंचने की आशंका

भूटान की शिंताफू ग्लेशियर झील फटने पर उसमें जमा पानी नदियों के रास्ते भारत पहुंच सकता है। सबसे पहले यह पानी भूटान की मो छू नदी में आएगा। आगे मो छू और फो छू नदियां मिलकर पुनात्सांगछू नदी बनाती हैं।

यह नदी दक्षिण की ओर बहते हुए भारत में प्रवेश करती है। भारत में इसे संकोश नदी कहा जाता है। इसके पानी से पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी के साथ असम के कोकराझार और धुबरी जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा हो सकता है। आगे चलकर संकोश नदी असम में ब्रह्मपुत्र नदी में मिल जाती है। इस तरह भूटान की झील का पानी नदियों के रास्ते भारत के मैदानी इलाकों तक पहुंच सकता है।

6 राज्यों में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी

दिल्ली में फाइनल लिस्ट अब 22 दिसंबर को; सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था- अभी चुनाव नहीं हैं, फिर जल्दबाजी क्यों



नई दिल्ली एजेन्सी। चुनाव आयोग ने 6 राज्यों में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) का शेड्यूल बदल दिया। आयोग ने दिल्ली और महाराष्ट्र में मतदाताओं को नाम जुड़वाने, कटवाने या किसी गड़बड़ी पर दावा-आपत्ति दर्ज कराने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। वहीं, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना और नगालैंड में नोटिस के निपटारे की समयसीमा बढ़ाई गई है। नए शेड्यूल के मुताबिक, महाराष्ट्र समेत 5 राज्यों में फाइनल वोटर लिस्ट 30 नवंबर को और दिल्ली में 22 दिसंबर को जारी होगी। यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बाद हुआ है, जिसमें छूटे हुए मतदाताओं को दावा-आपत्ति का पर्याप्त मौका देने और प्रक्रिया में जल्दबाजी न करने पर जोर दिया गया था। कोर्ट ने 28 अक्टूबर को चुनाव आयोग से पूछा था कि इन राज्यों में अभी चुनाव नहीं हैं, फिर इतनी जल्दबाजी क्यों।

तीसरे फेज में 36.73 करोड़ वोटर्स का वेरिफिकेशन

एसआईआर के तीसरे चरण में हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, दिल्ली समेत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में SIR हो रहा है। इस दौरान 36.73 करोड़ वोटरों का वेरिफिकेशन होगा। SIR के पहले और दूसरे फेज में 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हो चुके हैं। तीसरे फेज में एसआईआर वाले राज्यों में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा वोटर हैं। दादरा और नगर हवेली एवं दमन-दीव में वोटरों की संख्या सबसे कम है।

हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में एसआईआर बाद में होगा : एसआईआर के तीसरे फेज के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरे देश में स्क्रूक्रप्रक्रिया पूरी हो जाएगी। तीनों बचे हुए राज्यों में खराब मौसम और जनगणना के कारण एसआईआर के शेड्यूल की घोषणा बाद में की जाएगी।

'सहमति से बने संबंध ब्रेकअप के बाद रेप नहीं':

सुप्रीम कोर्ट बोला- हर टूटे रिश्ते को रेप केस में बदलना गलत; आरोपी बरी

नई दिल्ली एजेन्सी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि व्यस्क युवक-युवती के बीच आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंधों को ब्रेकअप के बाद रेप नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने शादी का वादा करके रिलेशन बनाने के आरोप वाले मामले में एक व्यक्ति को आरोपों से मुक्त कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि प्रेम और आपसी सहमति वाले रिश्ते में बने संबंधों को ब्रेकअप के बाद अपराध नहीं बनाया जा सकता। हर टूटे रिश्ते को रेप का मामला बनाना गलत है। हालांकि, अगर शुरुआत से ही शादी का झूठा वादा करके या धोखे से सहमति हासिल की गई थी, तो मामला अलग होगा। ऐसे मामलों में यह देखना जरूरी है कि क्या सहमति वास्तव में धोखे पर आधारित थी।

सुप्रीम कोर्ट की 5 प्रमुख टिप्पणियां...

रेप का आरोप का डर दिखाना गलत: किसी पुरुष पर सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला दर्ज करना उचित नहीं है, क्योंकि उसने रिश्ता खत्म करने का फैसला किया है। रेप के आरोप का डर दिखाकर किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती रिश्ते में बने रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

रेप कानून का दुरुपयोग न हो: किसी को परेशान करने या बदला लेने के लिए रेप कानून का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। आपसी सहमति से बने रिश्ते और शुरुआत से ही धोखे या जबरदस्ती के आधार पर बनाए गए रिश्ते अलग-अलग हैं।

रेप केस में सख्त सजा हो: किसी भी मामले में आरोपों की सच्चाई और उपलब्ध सबूतों की जांच करने के बाद ही उचित कानूनी फैसला लिया जाना चाहिए। यौन हिंसा, जबरदस्ती या धोखे के सबूत मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

महिलाओं की परेशानी समझें: कई महिलाएं परिवार की इज्जत और सामाजिक बदनामी के डर से यौन हिंसा की शिकायत नहीं कर पातीं। उनकी परेशानी भी समझना जरूरी है।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग कार्यक्रम आज होगा : राहुल गांधी बोले- यह संविधान बचाने की लड़ाई; 1 नवंबर को एसआईआर के खिलाफ रामलीला मैदान में रैली



नई दिल्ली एजेन्सी। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आज होने वाला 'सड़क पर संसद' कार्यक्रम शनिवार को होगा। राहुल गांधी ने यह जानकारी शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। राहुल ने कहा, 'हमने आज का कार्यक्रम बारिश के कारण कल करने का फैसला किया है। उसके बाद अगले दिन हम रामलीला मैदान पर मार्च करेंगे। हमने इसमें राजनीतिक, छात्र संगठनों और सभी लोगों से आने की अपील है।''सड़क पर संसद' कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाया जाएगा। पब्लिक महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ विरोध जताते हैं। विपक्षी गठबंधन INDIA ब्लॉक 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली करेगा।

सपा ने कहा- एमएलसी चुनाव भाजपा ने बेईमानी से जीता

सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा, 'पूरा विपक्ष जो लड़ाई लड़ रहा है उसे देश के लोग अब समझ गए हैं। वे समर्थन कर रहे हैं। यूपी में एमएलसी चुनाव में यह भाजपा को अहसास कराया कि वे कितना पीछे हैं। जो सीट वो जीते हैं वो जुगाड़ बेईमानी से जीते हैं। सभी सीटों पर पढ़े लिखे लोगों ने सपा को मजबूत किया। TMC सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा, 'मैं सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं। हम सभी इस लड़ाई में साथ हैं। यह राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम लोगों की भी लड़ाई है। हम सब मिलकर लड़ेंगे और जीतेंगे।'

CTI ने रैली स्थगित करने सोनिया गांधी को लेटर लिखा

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) ने शुक्रवार को फिर कांग्रेस से 1 नवंबर को प्रस्तावित कांग्रेस की मेगा रैली स्थगित करने की अपील की है। इस बार नेता सोनिया गांधी को पत्र लिखा। ट्ठ्ठढ्ढ ने इससे पहले तीन बार राहुल गांधी को लेटर लिखा था। CTI के मुताबिक, रैली से 20 बाजारों में 10,000-12,000 करोड़ रुपए के कारोबार पर असर पड़ सकता है। साथ ही, भारी ट्रैफिक जाम की आशंका जताते हुए संगठन ने रैली को दिवाली के बाद कराने या बुराड़ी ग्राउंड में स्थानांतरित करने की मांग की है।

केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने किया र.15 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन



बीकानेर (खबर आस पास)। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शुक्रवार को सुजानदेसर स्थित पिपली महादेव मंदिर प्रांगण में सांसद निधि से र.15 लाख की स्वीकृत राशि से निर्मित वार्ड संख्या 3 के सार्वजनिक सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए आगे भी प्रयास जारी रहेंगे। केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य करवाने के लिए सांसद निधि, सीएसआर फंड एवं सरकार के माध्यम से अतिरिक्त कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सामुदायिक भवन को क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी बताया।सांसद निधि से निर्मित इस सामुदायिक भवन से वार्ड के निवासियों को सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने भक्ति भाव से 'तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा' पंक्तियों का स्मरण करते हुए 'ओम जय जगदीश हरे' आरती का मुखड़ा गाया। साथ ही 'ओम नमः शिवाय' का कीर्तन भी किया। उन्होंने कहा कि देवता सभी के हैं और ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन आपसी सद्भाव तथा सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में पार्षद शिव गहलोत ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया तथा क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सत्यप्रकाश आचार्य, संतोषा नंद महाराज, एडवोकेट अशोक प्रजापत, मुकेश पंवार, पार्षद शिव गहलोत, प्रेम गहलोत, कमल गहलोत, रामेश्वर, दुर्गाराम कुम्हार, राम गहलोत, संतराज कच्छावा,प्रेम मास्टर, गोपीकिशन गहलोत, रूपाराम, बाबूलाल, राम पूर्व पार्षद हरजी कच्छावा, मोहन गहलोत,संदीप गहलोत, गौरी शंकर गहलोत, कन्हैया लाल, डॉ रविकांत शर्मा, ओम सारस्वत, रामेश्वर लाल, दुर्गाराम कुम्हार, महेंद्र, ओम सोलंकी,महेश गुप्ता, कन्हैयालाल भाटी, राजकुमार किराडू, राजकुमार, रामचंद्र मेघवाल, माया सुथार, धनी देवी, मोहित जैन,राजा उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-

लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहा विपक्ष



बीकानेर (खबर आस पास)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दल जनादेश का अपमान कर संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं, जो लोकतंत्र पर प्रहार है। प्रेसवार्ता में मेघवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलाए जा रहे 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान' का उद्देश्य कांग्रेस के दुष्प्रचार को जनता के सामने उजागर करना है।

उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का समर्थन करते हुए कहा कि मतदाता सूचियों को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाना आवश्यक है। मृत, स्थान बदल चुके तथा एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मतदाताओं के नामों की पहचान इसी प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, देश में पहले भी 12 बार यह प्रक्रिया हो चुकी है, जिनमें 10 बार कांग्रेस की सरकार थी। इस प्रक्रिया में 2.80 करोड़ मृत मतदाताओं, 6.3 करोड़ स्थान बदल चुके मतदाताओं तथा एक करोड़ दोहरे नामों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची तैयार करने में बीएलओ और राजनीतिक दलों के बीएलए की भागीदारी रहती है तथा नाम जोड़ने और हटाने के लिए विधिसम्मत प्रक्रिया एवं अपील का प्रावधान है। उन्होंने कांग्रेस पर चुनाव में हार के बाद चुनाव आयोग और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठाने का आरोप लगाया। साथ ही आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाकर नागरिक स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी पर प्रतिबंध लगाए गए थे। उन्होंने कांग्रेस को अपने इतिहास पर आत्ममंथन करने की सलाह दी। मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा, अंतरिक्ष और तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। चंद्रयान, मंगलयान, सूर्य मिशन और ऑपरेशन सिंदूर भारत की बढ़ती शक्ति एवं सामर्थ्य के प्रतीक हैं। अर्जुनराम मेघवाल ने कांग्रेस से सवाल किया कि क्या वह मृत मतदाताओं और विदेशी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में बने रहने देना चाहती है? उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार आरोप लगाकर देश में अराजकता फैलाना उचित नहीं है। आज की प्रेस वार्ता में भाजपा देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़, जिला प्रभारी महावीर सैनी, राजन तनेजा, जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी एवं कमल गहलोत उपस्थित रहे।

बीकानेर ऑटो चालक संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग हुई, कार्यकारिणी की घोषणा,

प्रताप सिंह पंवार बने अध्यक्ष

बीकानेर (खबर आस पास)। भारतीय जनता मजदूर मंच से संबंधित बीकानेर ऑटो चालक संघ की जिला कार्यकारिणी की आम सभा जिला कार्यालय, पारीक चौक में प्रदेश अध्यक्ष भवानी शंकर व्यास की अध्यक्षता में हुई। सभा में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ऑटो चालकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भवानी शंकर व्यास ने कहा कि सरकार की ओर से ऑटो चालकों के हित में घोषित योजनाएं परिवहन विभाग तथा जिला प्रशासन के स्तर पर केवल समाचार-पत्रों और सरकारी दस्तावेजों तक सीमित रह जाती हैं। धरातल पर ऑटो चालकों को इन योजनाओं का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑटो चालकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक होकर संगठित रूप से संघर्ष करने की आवश्यकता है, ताकि पात्र चालकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की पूर्व में की गई घोषणा का सभा में अनुमोदन किया गया। इसमें प्रताप सिंह पंवार को जिला अध्यक्ष तथा सरदार कुलवंत सिंह को महामंत्री बनाए जाने की पुष्टि की गई।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय 2, बीकानेर में मेहंदी प्रतियोगिता हुई, गरिमा सुथार प्रथम रहीं



बीकानेर (खबर आस पास)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, बीकानेर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्राचार्य श्री विनोद भारतीय ने विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि अंजू भारतीय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए विषयगत ज्ञान का रचनात्मक कार्यों में उपयोग करने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि विनोद चौधरी एवं सुनीता उपस्थित रहीं। कला शिक्षिका प्रेरणा सान्निध्य ने प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा नौवीं-बी की गरिमा सुथार, द्वितीय आठवीं बी शेख रुम्मान और तीसरे स्थान पर आठवीं ए की अक्षरा, उमेश एवं भव्या रहीं।

31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री शर्मा विशेष योग्यजन युवाओं से करेंगे संवाद

'सपनों की उड़ान-असंभव कुछ नहीं' कार्यक्रम के मुख्य समारोह का होगा सीधा प्रसारण

बीकानेर (खबर आस पास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे 'सपनों की उड़ान-असंभव कुछ नहीं' कार्यक्रम के तहत विशेष योग्यजन युवाओं से संवाद करेंगे। इस दौरान मुख्य समारोह का प्रदेश के सभी जिलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। बीकानेर में जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक मनोज कुमार गहलोत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विशेष योग्यजन युवाओं को अंग एवं उपकरण वितरित किए जाएंगे। साथ ही खेल, शिक्षा, सांस्कृतिक, कला, साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विशेष योग्यजन युवाओं को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन युवाओं से उनकी उपलब्धियों तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा उन्हें उपलब्ध करवाए जा रहे सहयोग एवं सहायता के संबंध में संवाद करेंगे।

दिवाली पर सोना-चांदी खरीदने वाले उपभोक्ताओं को मिलेगी सही तौल, नए नियम लागू

29 अक्टूबर से सोना-चांदी के व्यापार में निर्धारित मानकों वाले सटीक कांटों का उपयोग अनिवार्य

बीकानेर (खबर आस पास)। दिवाली के त्योहार पर बड़ी संख्या में लोग सोना-चांदी खरीदते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को खरीदी गई बहुमूल्य धातु की सही मात्रा मिले और तौल में किसी प्रकार की गड़बड़ी से उन्हें आर्थिक नुकसान न हो, इसके लिए उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजस्थान विधिक मापविज्ञान (प्रवर्तन) (द्वितीय संशोधन) नियम, 2026 अधिसूचित किए हैं। ये नियम 29 अक्टूबर से लागू हो गए हैं।

संशोधित नियमों के अनुसार, सोना, चांदी एवं अन्य बहुमूल्य धातुओं की खरीद-बिक्री में Class I (विशेष सटीकता) या Class II (उच्च सटीकता) श्रेणी के ऐसे कांटों का उपयोग अनिवार्य होगा, जिनका सत्यापन अंतराल 1 मिलीग्राम या उससे कम हो। सरल शब्दों में, व्यापारियों को ऐसे निर्धारित मानकों वाले कांटों का उपयोग करना होगा, जो अत्यंत कम मात्रा में भी तौल की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त हों।

स्वर्णकारों एवं सर्राफा व्यापारियों के लिए जरूरी निर्देश

उपभोक्ता मामले विभाग ने सभी स्वर्णकारों, सर्राफा व्यापारियों और बहुमूल्य धातुओं का कारोबार करने वाले प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

. **निर्धारित मानकों वाले कांटों का उपयोग करें:** सोना, चांदी एवं अन्य बहुमूल्य धातुओं की तौल के लिए निर्धारित Class I Øæ Class II श्रेणी के कांटों का ही उपयोग करें।

. **सटीकता सुनिश्चित करें:** कांटे का सत्यापन अंतराल 1 मिलीग्राम या उससे कम होना चाहिए।

. **वैध सत्यापन प्रमाण-पत्र रखें:** व्यापार में प्रयुक्त कांटों का नियमानुसार सत्यापन कराएं और उनका सत्यापन प्रमाण-पत्र वैध रखें।

. **नियमों का पालन करें:** यदि वर्तमान में उपयोग किया जा रहा कांटा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है, तो नियमों के अनुरूप कांटे की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सर्वोपरि

उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य दिवाली सहित पूरे वर्ष सोना-चांदी की खरीद-बिक्री में सही तौल और पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। विभाग ने सभी संबंधित व्यापारियों से नए प्रावधानों का पालन करने की अपील की है, ताकि उपभोक्ताओं को उनके भुगतान के अनुरूप बहुमूल्य धातु की सही मात्रा प्राप्त हो।

उपभोक्ताओं से अपील है कि दिवाली पर सोना-चांदी खरीदते समय तौल पर ध्यान दें और किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके लिए राजस्थान उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 14435 पर संपर्क किया जा सकता है।

कृष्णा विहार कॉलोनी में लाखों रुपए के गहने व नकदी चोरी

बीकानेर (खबर आस पास)। मुक्ताप्रसाद नगर थाना क्षेत्र की कृष्णा विहार कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाकर करीब 7 लाख रुपए नकद और लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के बाद क्षेत्र में चोरी की वारदात को लेकर चर्चा है। पुलिस के अनुसार परिवादी अश्विनी सेन पुत्र ओमप्रकाश सेन, निवासी कृष्णा विहार कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। परिवादी का मकान सी-51, कृष्णा विहार कॉलोनी, सारण पेट्रोल पंप के सामने गजनेर रोड पर स्थित है। रिपोर्ट के मुताबिक 28 अक्टूबर को सुबह करीब 10 बजे अज्ञात चोर मकान में घुसे और वहां रखी करीब 7 लाख रुपए की नकदी तथा लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। परिवादी की रिपोर्ट पर मुक्ताप्रसाद नगर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई महेंद्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड के लिए अब आरोग्य सेतु 2.0 मोबाइल एप पर करना होगा शिफ्ट, 31 अक्टूबर से बंद होगा आभा एप

बीकानेर। आभा पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड्स (ABHA PHR) मोबाइल एप 31 अक्टूबर से बंद किया जा रहा है। नवंबर से नागरिक आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत उपलब्ध डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आरोग्य सेतु 2.0 मोबाइल एप के माध्यम से ले सकेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि नागरिकों को अपने मोबाइल में उपलब्ध आभा पीएचआर एप को अपडेट करने के बाद उसमें प्रदर्शित 'Download Aarogya Setu 2.0' विकल्प के माध्यम से अथवा प्ले स्टोर पर जाकर नए एप को डाउनलोड एवं इंस्टॉल करना चाहिए। इसके बाद आरोग्य सेतु 2.0 एप में मोबाइल नंबर, आधार नंबर, आभा नंबर अथवा आभा एड्रेस के माध्यम से उपलब्ध प्रमाणीकरण विकल्पों का उपयोग कर लॉग-इन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों के पास पहले से आभा नंबर नहीं है, उन्हें नया आभा नंबर बनवाने की आवश्यकता नहीं है। वे गेस्ट यूजर के रूप में लॉग-इन कर उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार अपनी आभा प्रोफाइल एवं आभा एड्रेस से लिंक स्वास्थ्य रिकॉर्ड देख सकेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे 31 अक्टूबर से पहले नए एप पर स्थानांतरित होने की प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि नवंबर से डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का निर्बाध लाभ प्राप्त कर सकें।

आरोग्य सेतु 2.0 एप पर मिलेंगी कई डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाएं : जिला कार्यक्रम समन्वयक मालकोश आचार्य ने बताया कि आरोग्य सेतु 2.0 एप के माध्यम से नागरिक अपने आभा नंबर से लिंक डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड देख सकेंगे तथा अपनी सहमति से इन्हें संबंधित चिकित्सक अथवा अधिकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के साथ साझा कर सकेंगे। एप पर स्मार्ट हेल्थ डैशबोर्ड एवं फिटनेस ट्रैकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिसके माध्यम से कदमों की संख्या, चली गई दूरी एवं कैलोरी की खपत जैसी जानकारियां देखी जा सकेंगी। स्वास्थ्य रिकॉर्ड अपलोड करने के **बाद एआई आधारित स्मार्ट हेल्थ रिपोर्ट भी प्राप्त की जा सकेगी।**

उन्होंने बताया कि एप के माध्यम से नागरिक अपने आसपास उपलब्ध आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ब्लड बैंक तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त एंबुलेंस सेवाओं, प्रत्यक्ष चिकित्सकीय परामर्श तथा निर्धारित दवाओं के सेवन के लिए रिमाइंडर जैसी सुविधाओं का लाभ भी लिया जा सकेगा

सीमावर्ती क्षेत्र में धारा 163 के आदेश आगामी दो माह के लिए बढ़ाए

बीकानेर (खबर आस पास)। जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध प्रवेश व अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलक्टर श्री निशांत जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत जारी आदेशों को आगामी दो माह तक बढ़ाया है। आदेशानुसार जिले से लगने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर तस्करों, घुसपैठियों व अन्य असामाजिक तत्वों के अवैध प्रवेश व अन्य अवांछनीय गतिविधियों की आशंका तथा जिले की अन्तरराष्ट्रीय सीमा के निकट विभिन्न स्थानों में विभिन्न संचार के माध्यम से आपराधिक व अवांछनीय गतिविधियों में लिप्त व्यक्ति महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं उन व्यक्तियों को भेजते हैं, जो भूमिगत होकर देश व राज्य की सुरक्षा व लोक व्यवस्था के संधारण में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली गतिविधियों में लिप्त हैं। इसके साथ ही सीमा के नजदीक पाकिस्तानी इलाके में लगे मोबाइल टावरों का नेटवर्क भारतीय सीमा के अन्दर 3-4 किलोमीटर तक आने के कारण भी राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरे को देखते हुए पाकिस्तानी लोकल सिम का उपयोग करने या पीसीओ से सम्पर्क या सूचना देने आदि तथा रात्रिकालीन विचरण पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई गई है। जिला मजिस्ट्रेट निशांत जैन के आदेशानुसार जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा से लगते दो किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले निवासियों एवं उस क्षेत्र में प्रवेश व विचरण करने वाले निवासियों को निर्देशित किया गया है कि इस क्षेत्र के समस्त क्षेत्र जिसमें तहसील खाजूवाला एवं बज्जू के ग्राम बल्लर, गुलामअलीवाला, सियासर चौगान, बेरियांवाली, करमवाला, गज्जेवाला, रणजीतपुरा, सांचू, अन्नेवाला, कबरेवाला, भूरासर व मगनवाला में रात 7 से प्रातः 6 बजे तक बिना वैध अनुमति के गमनागमन, विचरण व अन्य गतिविधियां पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगी। इस क्षेत्र में आवश्यक कार्यों हेतु वैध अनुमति समीपस्थ बीएसएफ व बीओपी से प्राप्त की जा सकेगी। इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता व प्रक्रिया के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। आदेशानुसार जिले के बज्जू, पूगल, रणजीतपुरा, खाजूवाला व छतरगढ़ क्षेत्र में कोड संख्या 0092 (पाकिस्तान का टेलीफोन कोड नम्बर) किए जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय कॉलों का रिकॉर्ड भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा संधारण किया जाएगा। कोड संख्या 0092 पर आने व जाने वाली कॉल की जांच के लिए भारत सरकार संचार निगम लिमिटेड से सूचना प्राप्त करने के लिए विभिन्न अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में समस्त मोबाईल कंपनियों द्वारा स्थापित कार्यालयों, अधिकृत दुकानों, काउण्टरों पर नई सिम विक्रय करने से पूर्व उपयोगकर्ता से उसकी पूर्ण पहचान के प्रमाण जैसे उपभोक्ता आवेदन पत्र, फोटो, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता कार्ड, बिजली पानी के बिल की प्रति आदि की हस्ताक्षर युक्त कॉपी आवश्यक रूप से लेकर मूल पत्रों से मिलान किया जाए। आदेशानुसार उपभोक्ता के सत्यापन के पश्चात ही सिम एक्टिवेट की जाए तथा सिम प्रदाता इस सम्बंध में एक रजिस्टर संधारित करें जिसमें जारी की गई सिम व उपयोगकर्ता के सम्बंध में समस्त जानकारी दर्ज की जाए। सिम प्रदाता कंपनी को संदिग्ध आवेदक या उसके द्वारा पहचान पत्रों के जाली होने की स्थिति में क्षेत्र के थानाधिकारी को अनिवार्य रूप से सूचित करना होगा।

आदेशानुसार जिले के किसी भी क्षेत्र से जहां पाकिस्तान लोकल सिम से पाकिस्तानी नेटवर्क के जरिए सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है, में किसी भी व्यक्ति या संस्था को पाकिस्तान लोकल सिम के उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिले की पाकिस्तान से सटी सीमा के समीप की कृषि भूमि का आवंटन विभिन्न व्यक्तियों को किया गया है जिनके द्वारा वर्ष भर कृषि कार्य कर अतिरिक्त जिप्सम खनन व लघु व्यवसाय का सुचारू रूप से चलाने के लिए ठेके पर देश के विभिन्न प्रदेशों के कामगारों से कार्य करवाए जा रहे हैं। इन स्थानों पर काम करने वाले कामगारों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए सीमा सुरक्षा बल को अवगत करवाना आवश्यक है। ऐसे सभी व्यक्ति अपने मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति, पुलिस से करवाए गए चरित्र सत्यापन, पहचान पत्र आदि की प्रति समीपस्थ बीएसएफ, बीओपी व सम्बंधित पुलिस थानों में अनिवार्यतः जमा करवाएं तथा कार्य के दौरान ऐसे व्यक्तियों को अपने पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा।

जिला परिषद प्रत्याशी से 2 करोड़ की फिरौती मांगी: गैंगस्टर विशाल पचार के नाम से आया वॉट्सएप कॉल

श्रीगंगानगर (खबर आस पास)। श्रीगंगानगर में जिला परिषद चुनाव लड़ रहे माकपा प्रत्याशी को जान से मारने की धमकी देने और 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। प्रत्याशी के पास वॉट्सएप कॉल कर खुद को गैंगस्टर विशाल पचार बताने वाले व्यक्ति ने फिरौती की मांग की। साथ ही चुनाव नहीं छोड़ने पर जान से मरवाने की धमकी दी। मामला सदर थाना क्षेत्र का है। एसपी हरीशंकर को दी शिकायत में बेअंत सिंह उर्फ बिट्टू प्रधान निवासी 1 बी प्रथम, ग्राम पंचायत 4 जेड, मोहनपुरा रोड श्रीगंगानगर ने बताया कि उसने जिला परिषद सदस्य पद के लिए वार्ड 34 से नामांकन दाखिल किया है। 25 अक्टूबर की शाम 8:47 बजे उसके वॉट्सएप नंबर पर विदेशी नंबर (+351926884863) से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर विशाल पचार बताया और 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। दोनों के बीच करीब 6 मिनट 33 सेकंड तक बातचीत हुई।

आरोपी बोला, चुनाव लड़ना छोड़ दो

बेअंत सिंह ने जब आरोपी से कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं तो आरोपी ने जवाब दिया कि उसे पता है कि उसके पास काफी पैसे हैं और वह चुनाव लड़ रहा है। आरोपी ने उसे चुनाव लड़ना छोड़ने की धमकी देते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर उसे जान से मरवा दिया जाएगा। आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि वह देखता है कि वह (बेअंत सिंह) कैसे चुनाव लड़ता है और उसे तैयारी करके रहना चाहिए। बेअंत सिंह का आरोप है कि 30 अक्टूबर की सुबह भी उसके पास फोन आए और आरोपी लगातार धमकियां दे रहा है।

एसपी बोले- शिकायत के आधार पर जांच शुरू

मामले में एसपी हरीशंकर ने बताया कि जिला परिषद प्रत्याशी को एक गैंगस्टर के नाम से धमकी देने और जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस नंबरों की जांच भी कर रही है।